मध्यप्रदेश विधान सभा

जनवरी–अप्रैल, 2001 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 18 जनवरी, 2001 (पौष 28, 1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री सुधाकर बापट, सदस्य, सागर जिले के बीना क्षेत्र में हुई हत्याओं के अपराधी न पकड़े जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री नरोत्तम मिश्रा, सदस्य, ग्वालियर जिले के डबरा शुगर मिल रक्षित क्षेत्र से गन्ने को विक्रय हेतु अन्यत्र ले जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री ग्यारसीलाल रावत, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का चौदहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

"सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के चौदहवें प्रतिवेदन से सहमत है".

4. राज्यपाल के अभिभाषण पर चौधरी राकेश सिंह, सदस्य, द्वारा दिनांक 12 जनवरी, 2001 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा...........(क्रमशः)

"राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं."

निर्धारित समय

5. शासकीय विधि विषयक कार्य

4 घन्टे

श्री अजय सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2001 (क्रमांक 1 सन् 2001) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

भोपाल :
दिनांक : 17 जनवरी, 2001

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.